## SLCM GROUP IN NEWS

| Publication | Date | Online Edition | Page no |
|---|---|---|---|
| Dainik Bhaskar | 4, Sep, 2025 | Delhi | 15 |

# एसएलसीएम की बैंकों के साथ साझेदारी, देशभर में देगा कोलैटरल मैनेजमेंट सेवाएँ

**भास्कर समाचार सेवा**



नई दिल्ली। सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, भारत की पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स और एग्री-सॉल्यूशन्स कंपनी, ने देश के दो प्रमुख बैंकों आईडीबीआई बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस सहयोग के जरिए पूरे भारत में किसानों और एग्री-स्टेकहोल्डर्स को एकीकृत कोलैटरल मैनेजमेंट सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। आईडीबीआई बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के जुड़ने से एसएलसीएम की क्षमता और मजबूत हुई है, जिससे कंपनी अब अपनी अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ किसानों और व्यापारियों के लिए कृषि प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, तेज और भरोसेमंद बना सकेगी। यह साझेदारी पंजाब एंड सिंध बैंक के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह उनका कोलैटरल मैनेजमेंट के क्षेत्र में पहला समझौता है। इस रणनीतिक सहयोग के साथ, एसएलसीएम अब भारत और म्यांमार में 27 बैंकों के विस्तृत नेटवर्क के साथ जुड़ चुका है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और पहुँच और अधिक सशक्त हुई है। इस विस्तार के बाद अब अधिक किसान व्यापारी और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों एवं संपत्तियों वाले ग्राहक कंपनी की सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। इस साझेदारी पर एसएलसीएम के ग्रुप सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा, प्रमुख बैंकिंग संस्थानों के साथ हमारी साझेदारी, और अब आईडीबीआई बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के जुड़ने से यह स्पष्ट होता है कि पिछले 16 वर्षों से एसएलसीएम ने एग्री सप्लाई चेन में लगातार नवाचार को बढ़ावा दिया है।